an>

Title: Need to address the problem of shortage of clean drinking water in villages in Sikar Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर) ः मेरे संसदीय क्षेत्र सीकर (राजस्थान) में पीने के पानी की गम्भीर समस्या है। सीकर जिले के लगभग 70 प्रतिशत से अधिक गांव "डार्क जोन" में जा चुके हैं और जहां भूमिगत पानी का स्तर कुछ सही है, वहां पर फ्लोराइड तत्व की मात्रा खतरनाक स्तर पर है। इस परिस्थिति मे लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि इस क्षेत्र में शीघ्र नहर का पानी उपलब्ध करवाकर पीने के पानी की व्यवस्था करायी जाए। इस हेतु मैं तथा मेरे क्षेत्र की जनता आपकी आभारी रहेगी।